बलिदानी संतों को इतिहास में उचित सम्मान का इंतजार

बड़ी शाला में संत समागम का हुआ आयोजन

ग्वालियर, 18 जून। भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले 745 वीर संतों की पुण्य स्मृति में गुरुवार, 18 जून को श्री गंगादास की बड़ी शाला में एक भावपूर्ण पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के साथ ही यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा, संत समागम और विशाल भंडारे का भी समापन हुआ।

देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने शहीद संतों के अद्वितीय बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़ी शाला के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास महाराज ने की। संतों ने एक स्वर से मांग उठाई कि स्वतंत्रता के अमृत काल में इन 745 शहीद संतों के नामों और उनके योगदान को आधिकारिक मान्यता दी जाए। वक्ताओं ने जोर दिया कि इस इतिहास को विस्मृति के अंधकार से निकालकर जन-जन तक पहुँचाया जाए और इसे शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए, ताकि भावी पीढ़ी राष्ट्र और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सके।

इन संतों की रही उपस्थिति

इस पावन अवसर पर दंदरौआ धाम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त गोवर्धनपीठ टीकमगढ़ के महंत सीतारामदास महाराज, कमलदास ग्वालियर, बालकदास गोवर्धन, भारतदास अयोध्या सहित हरिद्वार, काशी, प्रयागराज और उज्जैन से आए अनेक संत-महंतों ने अमर संतों को पुष्पांजलि अर्पित की।

इनका कहना है...

बड़ी शाला के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास महाराज ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इतिहास के इस गौरवशाली अध्याय को लेकर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा 'वर्ष 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में जब वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजी सेना से संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं, तब श्री गंगादास की बड़ी शाला के 745 संतों ने उनके सम्मान, स्वाभिमान और पार्थिव देह की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। यह बलिदान भारतीय इतिहास का वह गौरवशाली अध्याय है, जिसे अब तक वह सम्मान मिलना शेष है जिसका वह अधिकारी है। इन संतों का त्याग केवल धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल हो गौरव गाथा

वृंदावन से पधारे भागवत कथा वाचक रामचरणदास महाराज ने कहा कि बड़ी शाला केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का पावन तीर्थ है।

बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी, दो घायल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 जून। शिवपुरी मोहना हाइवे पर एक बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार व्यक्ति ओर उसके साथ बैठा 5 साल का मासूम बच्चा बाइक समेत ज़मीन पर गिर पड़े। दोनों घायल हो गये। बच्चे के पिता के हाथ में चोट आई और खून बहने लगा। बच्चे को भी हल्की चोट आई है। तभी भोपाल से ग्वालियर अपने निजी वाहन से आ रहे वरिष्ठ भाजपा नेता सादिक खान मेव ने अपना वाहन रुकवाया और मासूम बच्चे और उसके पिता को रोड से साइड बैठाकर उनको ढांढस बंधाया। देखते ही देखते मौके पर वाहनों की लंबी कतार लग गई ओर लोग अपने अपने वाहनों से उतरकर मौके पर जमा हो गए, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नीट परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर एवं एसएसपी ने लिया संयुक्त जायजा

▶ **21 जून को ग्वालियर के 25 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए दिए आवश्यक निर्देश**

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 जून। ग्वालियर में 21 जून को होने जा रही नीट परीक्षा की सभी तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो गईं हैं। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने गुरुवार को संयुक्त रूप से ग्वालियर में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं नीट परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी श्री विनोद सिंह भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के सुगम प्रवेश सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं गोपनीयता के साथ कराया जाए।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में आवश्यक अमला तैनात रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिलाने, पहचान सत्यापन, सुरक्षा जांच एवं अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ यातायात प्रबंधन भी प्रभावी ढंग से किया जाएगा।

वीरांगना लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

ग्वालियर, 18 जून। आरोग्य भारती के कार्यकर्ताओं ने आज वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि पर पहुंचकर उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रांत सचिव जेपी शर्मा ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन को आत्मबल, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल बताया। शर्मा ने कहा कि वीरांगना लक्ष्मीबाई का जीवन हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'स्वस्थ व्यक्ति ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है,' और हमें भी रानी लक्ष्मीबाई की तरह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में योग प्रभारी सुमन अग्रवाल, विकास भट्ट और राकेश शर्मा सहित आरोग्य भारती के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

'पराक्रम स्वाभिमान यात्रा' ऐसाहगढ़ के लिए रवाना

▶ **राजा रामशाह तोमर के 450वें बलिदान दिवस पर निकाली गई यात्रा**

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 जून। हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के साथ विदेशी आक्रान्ताओं के विरुद्ध लड़ते हुए अपने पुत्र, पौत्र और 300 सैनिकों के साथ वीरगति को प्राप्त हुए राजा रामशाह तोमर के 450वें बलिदान दिवस पर 18 जून को 'पराक्रम स्वाभिमान यात्रा' निकाली गई। मीडिया प्रभारी आबोध सिंह तोमर ने बताया कि यह यात्रा प्रातः 9 बजे ग्वालियर दुर्ग से भगवान श्री राम के पूजन के साथ मुरैना के ऐसाहगढ़ के लिए यात्रा शुरू हुई। हल्दीघाटी और रक्त तलाई से लाई गई पवित्र मिट्टी को ऐसाहगढ़ स्थित समाधि स्थल पर स्थापित किया जाएगा। साथ ही, जन सहयोग से राजा रामशाह तोमर की एक विशाल आदमकाय मूर्ति स्थापित की जाएगी और स्थल को पर्यटन केंद्र व इतिहास आधारित लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाएगा। यात्रा में सुरेन्द्र सिंह तोमर, रामचंद्र सिंह तोमर, ब्रजेश सिंह तोमर, मानवेंद्र सिंह तोमर सहित अनेक जन उपस्थित रहे। यात्रा को महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 बालक दास का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आयोजन में दिनेश सिंह तोमर, श्याम सिंह तोमर, सुखवीर सिंह तोमर, तूफान सिंह राठौर, कृष्ण सिंह जादौन, मनोज सिंह तोमर, जतन सिंह तोमर, आदित्य सिंह राजावत, रामावतार सिंह परमार, राकेश तोमर, योगेश तोमर, सुखवीर तोमर, भीम तोमर, मान सिंह तोमर, जल् सिंह, मनमोहन सिंह तोमर, उमेश तोमर, योगेन्द्र सिंह तोमर व जितेंद्र सिंह तोमर सहित अनेक समाजसेवियों की उपस्थिति रही।

संघ ने किया वीरांगना प्रणाम कार्यक्रम : वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वीरांगना प्रणाम कार्यक्रम आज प्रात : लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भागवताचार्य सुश्री कृष्णा रावत थीं। अध्यक्षता ग्वालियर विभाग संघचालक प्रहलाद सबनानी ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ.मनमोहन वैद्य विशेष रूप से उपस्थित थे। सैकड़ों संघ स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भागीदारी की।

वीरभूमि ग्वालियर : 745 संतों के बलिदान की गाथा अब पहुंचेगी बड़े पर्दे पर

संतों ने दिया आशीर्वाद, क्राउड फण्ड से बनेगी फिल्म

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 18 जून। ग्वालियर के गौरवशाली इतिहास के एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरक अध्याय को अब सिने जगत के माध्यम से देश-दुनिया के सामने लाया जाएगा। 'बड़ी शाला' के 745 संतों के अद्भुत और गौरवपूर्ण बलिदान पर आधारित फिल्म 'वीरभूमि ग्वालियर' का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। फिल्म की स्क्रिप्ट को आधिकारिक रूप से अंतिम रूप दिया जा चुका है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होने की संभावना है।

जन-सहयोग से साकार होगी भव्य फिल्म

आदर्श आसरा आर्ट्स के बैनर तले बनने जा रही इस फिल्म का बजट 15 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। इस फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह 'क्राउड फंडिंग' (जन-सहयोग) के माध्यम से बनाई जा रही है। समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित कर इसे एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है, ताकि ग्वालियर के इस गौरवशाली इतिहास से हर भारतीय परिचित हो सके।

संतों का आशीर्वाद और स्वीकृति

फिल्म की पटकथा की प्रमाणिकता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पटकथा को 'बड़ी शाला' के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। उनकी विस्तृत समीक्षा और आशीर्वाद मिलने के बाद ही इसे शूटिंग के लिए अंतिम रूप दिया गया है। फिल्म की निर्माता आरती भारद्वाज का मानना है कि संतों का आशीर्वाद ही इस फिल्म की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की सफलता के बाद होने वाली सारी कमाई ग्वालियर में बनने जा रहे श्री राम राजेश्वरी सेवा संस्थान के द्वारा निर्माण किए जा रहे महाबली हनुमान संपूर्ण धाम, को दान कर दी जाएगी।

दिग्गजों की उपस्थिति में होगा पोस्टर लॉन्च

प्रोडक्शन टीम ने फिल्म के शुभारंभ के लिए एक भव्य कार्ययोजना तैयार की है। फिल्म के पोस्टर लॉन्च और शूटिंग के शुभारंभ के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ साथ देश, प्रदेश और अंचल के प्रमुख साधु, संत, महात्माओ को आमंत्रित करने की योजना है। इन प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति इस ऐतिहासिक फिल्म की भव्यता को और बढ़ा देगी। फिल्म जगत के जानकारों का मानना है कि यह फिल्म न केवल ग्वालियर के इतिहास को पुनर्जीवित करेगी, बल्कि युवाओं में देशप्रेम और त्याग की भावना को भी जागृत करेगी।

अमरचंद बांठिया के बलिदान दिवस 22 को : श्रद्धांजलि सभा होगी

ग्वालियर। अखिल भारत हिंदू महासभा जिला ग्वालियर के तत्वावधान में शहीद अमरचंद बांठिया के बलिदान दिवस के अवसर पर 22 जून को सराफा बाजार बलिदान स्थली पर सुबह 9 बजे सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सपना तोमर पति का नाम : श्री राम शंकर सिंह तोमर आयु : 35 वर्ष व्यवसाय : ग्रहणी निवासी : एफ. ब्लॉक मकान न.-263, शताब्दीपुरम फेस 03 ग्वालियर म0प्र0 मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि - यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते पर निवास करता है। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पति रामशंकर सिंह तोमर पुत्र श्री जगदेव सिंह सिंह तोमर जो कि शासकीय सेवा आर्मी में नायब सूबेदार के पद पर पदस्थ होकर 139 मिडियम रेजीमेन्ट ग्वालियर में पदस्थ है जिनका सर्विस नम्बर जे. सी-783468 डब्ल्यू है। 3. यह कि मुझ शपथकर्ता के पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भूलवस / त्रुटिपूर्ण सपना देवी पत्नी रामशंकर सिंह तोमर अंकित हो गया है। 4. यह कि मुझ शपथकर्ता के समस्त दस्तावेजो जैसे आधारकार्ड, पेनकार्ड आदि में मेरा नाम समना तोमर अंकित है। जोकि सत्य व सही है। 5. यह कि मुझ शपथकर्ता को अपने पति के सर्विस रिकॉर्ड में अपना नाम सपना देवी के स्थान पर सपना तोमर पत्नी श्री रामशंकर सिंह तोमर संशोधन करवाना है। उपरोक्त कथनो की सत्यता में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

NAME CHANGE

I **Amit Paharia** S/o Durga Prasad Paharia, Resident of 61, Geeta Colony, Dal Bazar, Lashkar, Gwalior, do hereby declare that I have changed my Daughter's name from **Samayra** to **Samaira Paharia** and henceforth she shall be known as **Samaira Paharia** in all purpose including all the official documentations, vide affidavit no. DM 560985 Sworn before the Notary Public at Gwalior on 13.06.2026 **Samaira Paharia** and **Samayra** both are same and one identical person.

CHANGE OF NAME & DOB

I, Army No. 4369242L Rank HAV Name Mahamad Ali Unit: 6 Asssam Regt residing of Batabari PO- Sonarigaon District- Nagaon State- Assam Pin- 782123 do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows- my father's name **RUSTAM** All and correct date of birth is **09/08/1941** as per his Aadhar card No. 8779 2702 3035. the name & date of birth my father was wrongly in my Army Record is **MD RUSTOM ALI** and **03/11/1946** has been written as which is wrong. That my father name **MD RUSTOM ALI & RUSTAM ALI** pertain to one and the same person. the basis of this affidavit of mine while amending the Army document my father correct name **RUSTAM ALI & DOB 09/08/1941** is very necessary and justified. **Vide Affidavit No. CC 131648, Dated - 17-06-2026.**

आम सूचना

आम व खास को सूचित किया जाता है कि, आवासीय भवन सम्पति जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 261 राजस्व ग्राम अलापुर के भाग निर्मित होकर ग्राम अलापुर, तहसील जौरा, जिला मुरैना, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :- पूर्व में-डॉ. सुशील का प्लॉट, पश्चिम में-जगदीश का प्लॉट, उत्तर में-मुसलमान का फार्म एवं दक्षिण में-आम रास्ता स्थित है, उक्त संपति को आवेदक श्री कोक सिंह पुत्र श्री लखुआ जाटव निवासी ग्राम अलापुर, तहसील जौरा, जिला मुरैना, म.प्र. ने सम्पति स्वामी श्री हमीद उस्मान खान पुत्र श्री राजे खान निवासी से से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन क्रमांक स्क्र.58220201596581 से दिनांक 23/09/2020 को क्रय कर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, विक्रेता सर्वे क्रमांक 663/1 राजस्व ग्राम विक्रमपुरा की भूमि को अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त रूप से धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से आवेदक के पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक : 18/06/2026.

पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय - 44-कैलाश विहार, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय : प्रातः 11.00 से सांय 05.00 तक

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान इन्द्रा नगर में स्थित है जो कि बच्चू सिंह तोमर/चरण सिंह आदि के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000132379 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1350 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402026ए100690848 दिनांक 08/6/2026 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 18-6-2026
रामसेवक तोमर, रघुवीर सिंह तोमर/चरण सिंह तोमर
पता : इन्द्रा नगर, ग्वालियर म.प्र.

उपनाम परिवर्तन सूचना

एयरफोर्स स्कूल 1 महाराजपुरा ग्वालियर में मेरे बेटे का नाम रुद्र प्रताप सिंह आधार आईडी में लिखा है। उसमें अब सरनेम जोड़ना है। पहले रुद्र प्रताप सिंह था अब रुद्र प्रताप सिंह नरवरिया करना है। पिता का नाम शैलेन्द्र सिंह नरवरिया एवं माता का नाम गीता नरवरिया दर्ज किया जाए.

सूचनाकर्ता
शैलेन्द्र सिंह नरवरिया
ए-4/04 एस.ए. शताब्दीपुरम
ग्वालियर (म.प्र.)
मो. 9303439881
9826257180

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, EX 13996260W Nk जीतेंद्र सिंह निवासी- गायत्री विहार कॉलोनी, पिंटो पार्क, जिला ग्वालियर (म.प्र.), यह कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरे पुत्री का नाम कुमारी साक्षी तोमर (KUMARI SAKSHI TOMAR) जन्मतिथि 02.02.2003 दर्ज है, जबकि आधार कार्ड अनुसार उसका सही नाम साक्षी तोमर (SAKSHI TOMAR) जन्मतिथि 02.02.2005 है। अतः मेरे आर्मी रिकॉर्ड में पुत्री का सही नाम साक्षी तोमर (SAKSHI TOMAR) एवं जन्मतिथि 02.02.2005 दर्ज हो

सूचनाकर्ता- जीतेंद्र सिंह
निवासी- गायत्री विहार कॉलोनी, पिंटो पार्क जिला ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

आम व खास को सूचित किया जाता है कि, आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 847.5 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 663/1 राजस्व ग्राम विक्रमपुरा का भाग होकर वार्ड क्रमांक 09, मोहल्ला अशोक सम्राट नगर, भिण्ड, तहसील एवं जिला भिण्ड, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :- पूर्व में-शोभाराम कुशवाह का प्लॉट, पश्चिम में - आम रास्ता, उत्तर में - बिटनश्री बघेल का प्लॉट एवं दक्षिण में-विक्रेता की भूमि स्थित है, उक्त संपति को आवेदक श्री रामकरन कुशवाह पुत्र श्री विजय सिंह निवासी ग्राम ऊमरी, तहसील एवं जिला भिण्ड, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्री रामदास पुत्र श्री सोनेलाल कुशवाह निवासी वनखण्डेश्वर रोड, वार्ड क्रमांक 14, लहार, जिला भिण्ड, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन कमांक MP28IGR16892026A100290293 से दिनांक 13/03/2026 को क्रय कर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, विक्रेता सर्वे क्रमांक 663/1 राजस्व ग्राम विक्रमपुरा की भूमि को अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त रूप से धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से आवेदक के पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो।

दिनांक : 18/06/2026.

पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय - 44-कैलाश विहार, सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय : प्रातः 11.00 से सांय 05.00 तक

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 स्थान फोर्ट व्यू कॉलोनी, कोटेश्वर में स्थित है जो कि राजकुमार जैन/सीताराम जैन के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000199135 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मृत्यु उपरांत दिनांक ... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रैन बसेरा पर दिनांक 12/06/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 64/2010/ 69025/69115 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 18-6-2026
लक्ष्मी जैन, उत्कर्ष जैन/स्व. श्री राजकुमार जैन
पता : फोर्ट व्यू कॉलोनी, कोटेश्वर, ग्वालियर म.प्र.
मोब-9200733441

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फूलपुर, तहसील बामौर, जिला मुरैना (म.प्र.) की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 541/2 (एस) रकवा 0.4180 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 566/3 रकवा 0.7730 हैक्टेयर जो बलवंत कुशवाह, रिन्कू कुशवाह, राजकुमार कुशवाह पुत्रगण श्री केदार सिंह एवं श्रीमती लाड़ो पत्नी श्री अजय पुत्री श्री केदार सिंह एवं श्रीमती हेमवती पत्नी श्री नंदकिशोर पुत्री श्री पुखनलाल एवं श्रीमती सावित्री पुत्री पुखन लाल एवं श्रीमती रजनी पत्नी श्री पुरुषोत्तम पुत्री पुखन लाल, श्रीमती सुमन पत्नी श्री महेन्द्र पुत्री श्री पुखन लाल निवासीगण- ग्राम फूलपुर, तहसील बामौर, जिला मुरैना (म.प्र.) को मेरी पक्षकारा श्रीमती मन्जू कुशवाह पत्नी श्री सुरेश कुशवाह निवासी दुर्गा कॉलोनी, माधौगंज, लश्कर ग्वालियर द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना है। उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, निकाय, फर्म आदि को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 05 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में सायं 7.00 से 9.00 बजे तक मय दस्तावेजी प्रमाण के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद गुजरने म्यान मेरी पक्षकारा उपरोक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादित करा लेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

दिनांक 18/06/2026

भवदीय- **अशोक खेड़कर** (एडवोकेट)
कार्यालय- ओल्ड हाईकोर्ट के सामने, मैनावाली गली, लश्कर, ग्वालियर, **मोबा. 9329572360**

आम सूचना

जय बालाजी ट्रेडर्स जर्ये अधिकृत श्री अजय सिंह पुत्र श्री सीताराम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित चित्राश कॉलोनी ग्राम बड़ागाँव तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 971/1 ग्राम बड़ागांव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 848 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि दीगर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड क्र.15 का भाग एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र. 14 है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री हमीर सिंह पुत्र श्री प्यारेलाल के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हमीर सिंह का स्वर्गवास हो जाने के बाद उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती बसंती देवी पत्नी श्री दौलतराम पुत्री स्व. श्री हमीर सिंह, श्रीमती भगवती राजपूत पत्नी श्री होतम सिंह राजपूत पुत्री स्व. श्री हमीर सिंह, श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री अमृतलाल पुत्री स्व. श्री हमीर सिंह, शारदा, शकुंतला उर्फ छुट्टो बाई, रामकटोरी पुत्रियां स्व. श्री हमीर सिंह, श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री हमीर सिंह उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती बसंती देवी, श्रीमती भगवती राजपूत, श्रीमती मिथलेश द्वारा सम्पति रकबा 0.1960 हैक्टेयर एरिया जय बालाजी ट्रेडर्स जर्ये अधिकृत श्री अजय सिंह पुत्र श्री सीताराम सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 21 आईजीआर 17412025ए 101124569 दिनांक 09.12.2025 से विक्रय की गई। जय बालाजी ट्रेडर्स जर्ये अधिकृत श्री अजय सिंह द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्री अरविन्द्र विजय सिंह कुशवाह पुत्र श्री विजय सिंह कुशवाह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री अरविन्द्र विजय सिंह कुशवाह द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के सम